

प्रकाशक/स्वामीत्व
रजनी (पुत्री-महेश धावनिया)

डाक पंजियन संख्या : JaipurCity/423/2017-19

# श्री बाबा



प्रधान कार्यालय-सी-57, महेश नगर, जयपुर-15, मो.-9928260244 हिन्दी मासिक समाचार पत्र 7073909291 E-mail:shreebaba_2008@yahoo.com

वर्ष : 12 अंक : 2 आर.एन.आई. नं. : RAJHIN/2008/24962 जयपुर, 5 अप्रेल, 2019 मूल्य : 5 रुपए प्रति पृष्ठ : 4

राजस्थान स्थापना दिवस

## नई दिल्ली में सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने बिखेरे राजस्थानी के बहुरंगी कलर




**जयपुर।** राजस्थान के 70 वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस समारोह में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये लोक कलाकारों ने राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध लोक नृत्य कालबेलिया, चरी, चकरी, घूमर, कच्ची घोड़ी, बृज की होली आदि नृत्यों के साथ ही खड़ताल व भपंग वादन प्रस्तुत करदर्शकों का मन मोह लिया। विभाग की अतिरिक्त निदेशक डॉ. गुंजीत कौर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बरसात की हल्की बूंदाबांदी के बीच जोधपुर से आये रफीक लंगा एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत केसरिया बालम पधारों ने म्हारे देस और दमादम मस्त कलंदर,अली दा पहला नंबर ....गीत और खड़ताल वादन की मनभावन धुनों से हुई। इस मौके पर नई दिल्ली में **( शेष पृष्ठ 2 पर )**

## मोदी फिर जीत गए तो आगे चुनाव होंगे भी या नहीं, कोई गारंटी नहीं: गहलोत

**प्रतापगढ़/अरनोद।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री पर कहा है कि मोदीजी वापस चुनाव जीत गए तो आगे चुनाव होंगे भी या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इनको लोकतंत्र में यकीन ही नहीं है। ये तो खाली लोकतंत्र का एक चेहरा बनकर राम मंदिर के नाम पर राष्ट्रभक्त बनने की बात कहते हुए वोट लेते हैं। जैसे हम तो राष्ट्रभक्त हैं ही नहीं। कांग्रेस की बैठकों में आने वाला राष्ट्रभक्त नहीं है, सिर्फ भाजपा की बैठकों में जाना वाला ही राष्ट्रभक्त है। यही इनकी सोच है। इसलिए वोट देना तो सोच-समझकर देना। गहलोत अरनोद के महाराणा प्रताप स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा दोपहर करीब



एक बजकर 20 मिनट पर शुरू हुई। गहलोत ने प्रत्याशी गोपालसिंह ईडवा के समर्थन की अपील की। सभा में कई महिला-पुरुषों के हाथों में तख्तियां थीं। प्रतापगढ़ से मंत्री बनाओ के नारे लिखे थे। हालांकि जिले की छोटीसादड़ी से उदयलाल आंजना सहकारी मंत्री हैं। ऐसे में ये तख्तियां प्रतापगढ़ विधायक के समर्थन में लिखे होने के कयास लगाए जाते रहे। समारोह में डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा, सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना, प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा, कांग्रेस प्रत्याशी गोपाल सिंह ईडवा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक खिलाड़ी बैरवा ने की इस्तीफे की पेशकश

**सरमथुरा (धौलपुर)।** भरतपुर के बाद अब धौलपुर में भी टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेसियों ने प्रत्याशी चयन पर



सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने संजय जाटव को प्रत्याशी बनाया है। इस पर बैरवा समाज के लोगों ने नाराजगी जताई है और प्रत्याशी को बदलने की मांग की है। इस विरोध को बसेड़ी विधायक खिलाड़ीलाल बैरवा लीड कर रहे हैं। विधायक बैरवा के नेतृत्व में लोगों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जयपुर में मुलाकात की। जहां विधायक बैरवा ने मुख्यमंत्री गहलोत के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश में बैरवा समाज की उपेक्षा की गई है। विधायक बैरवा ने करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदलने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

विधायक बैरवा ने कहा कि समाज कांग्रेस पार्टी के निर्णय से आहत है। पार्टी द्वारा समाज की बात को तबज्जो नहीं दी जाती है तो समाज जो निर्णय करेगा मैं उसके साथ रहूंगा। यदि समाज के पदाधिकारी विधायक पद से इस्तीफा देने के लिए कहेंगे तो मैं इस्तीफा भी दे दूंगा।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 13 अप्रेल को

**जयपुर।** न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 13 अप्रेल, 2019 रामनवमी को होने जा रहा है ऐसे परिवार जो अपनी बेटी की शादी का खर्चा उठाने में असमर्थ हैं



वह अपनी मर्जी से बेटी का रिश्ता करने के बाद निचे दिए गए हैं नंबर पर सम्पर्क करे शादी पुरा खर्च न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से किए जायेगा व हर लाडली बेटी का नया जीवन शुरू करने के लिए संस्थान की ओर से विशेष उपहार में 100 वर्ग गज भूमि व 1 लाख रुपए मूल्य करीब का घर उपयोगी सामान उपहार स्वरूप दिया जायेगा। वर पक्ष से 21,000 व वधू पक्ष से 11,000 रुपये सहयोग राशि ली जायेगी। अब तक 70 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। कार्यालय : फोर्थ फ्लोर 403 पुष्प एन्क्लेव 8 सेक्टर के सामने प्रताप नगर टोंक रोड जयपुर राजस्थान। मो.: 8107877778

## हर गरीब परिवार के खाते में सालाना 72 हजार देंगे: पायलट

**जयपुर।** डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सरकार बनने के तीन महीने में किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता, पेंशन में बढ़ोत्तरी, फसल खरीद योजनाओं में हुए काम गिनाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 17 दिसंबर को प्रदेश में 9 लाख श्रमिक कार्यरत थे, जो बढ़कर 27 लाख हो गए हैं।

हम लोगों को समय पर राशन दिलाने पर काम कर रहे हैं। पायलट ने बताया कि मंगलवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो रहा है।


इसमें न्याय योजना, न्यूनतम आय की योजना को शामिल किया है। दुनिया के 200 देशों में से किसी में भी ऐसा कानून नहीं है जो प्रत्येक गरीब परिवार को साल



में 72 हजार रुपए उसके खाते में दे सके। चुनाव के बाद प्रतापगढ़ की मांगों को पूरा करने की बात कही।

## ज्योतिबा फुले की जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान राजस्थान जयपुर की ओर से 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर अनेक रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य जयंती समारोह संस्थान के मुख्यालय प्रांगण 3 सेक्टर, विद्याधर नगर में शाम 6 बजे होगा। समारोह में प्रदेश की प्रतिभावान व्यक्तित्व को महात्मा फुले अवार्ड, सावित्री बाई फुले अवार्ड, खेलकूद एवं सामाजिक प्रतिभाओं



को केएल सैनी अवार्ड एवं तारा चंदेल अवार्ड से नवाजा जाएगा। संस्थान के शहर अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बताया कि समारोह को लेकर सोमवार को हुई बैठक में तैयारियों को मूर्तरूप दिए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी (फूलवाले), कोषाध्यक्ष हजारी लाल सैनी, महामंत्री नीलम पावटवान, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र मावर आदि मौजूद रहे।

## दसवाँ सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 18 मई को

**जयपुर।** प्रगति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 18 मई, 2019 पीपल पूर्णिमा



को सांगानेर, जयपुर में होने जा रहा है। इसमें वर पक्ष से 40,000 व वधू पक्ष से 35,000 रुपये सहयोग राशि रखी गई है। वर-वधू को उपहार में मोटर साईकिल, 100 वर्ग गज भूखण्ड, 2 लाख की एफ.डी., सोने व चांदी के आभूषण एवं घरलू सामान दिये जायेंगे। कार्यालय : दु. नं. 5, गुरूकृपा टॉवर, बेसमेंट, अरविन्द श्री विद्या मन्दिर के सामने, नगर निगम रोड, जयपुर मो. 8094577888 पर सम्पर्क कर सकते हैं।


### समाचार विज्ञापन संकलन

श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशन तिथि प्रत्येक माह की 5 तारीख है। अतः समाचार एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति, फोटो आदि सामग्री माह की 20 तारीख तक पूर्ण विवरण के साथ भिजवा दें। सम्पर्क करें:

**श्री बाबा** whatsapp 7073909291
सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15
मो.-9928260244 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com





भारत रत्न,
महाविद्वान,
महानायक,
महान अर्थशास्त्री,
महान इतिहासकार,
ज्ञान के प्रतीक,
युग पुरूष,
क्रांतिसूर्य,
संविधान निर्माता
डॉ. भीमराव अम्बेड्कर
की जयन्ती पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
एवं बधाई



महेश धावनिया

सम्पादकीय

## देश के अपराधी

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय राजधानी के एयरोसिटी इलाके में स्थित इस होटल की कीमत 120 करोड़ रुपये बताई गई है। विशेष तौर पर हवाई जहाज से सफर करने वाले राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए निर्मित की गई थी। अगर न्यायालय ने इसकी अनुमति दी तो इसका सीधा मतलब है कि विमानन लॉबिस्ट दीपक तलवार के खिलाफ धन शोधन के मामले में उसे ठोस तय दिखाई दिया। उस पर अत्यंत ही गंभीर आरोप हैं। वह संप्रग सरकार के कार्यकाल में अमीरात, एयर अरेबिया और कतर एयरवेज जैसी एअरलाइनों को अनुचित लाभ पहुंचाने तथा उनसे अवैध धन पाने के लिए नेताओं और अन्य जनसेवकों तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ लॉबिंग में संलिप्त रहा। इसके द्वारा उसने 2008-09 में इन एअरलाइनों के लिए अनुकूल यातायात अधिकार हासिल किए जिससे सीधी क्षति एअर इंडिया को हुई। इन कंपनियों को एअर इंडिया के यात्री मिलने लगे। इसके बदले इन एअरलाइनों द्वारा तलवार को 272 करोड़ रुपये दिए जाने का सबूत दिया है। यह नागरिक उड्डयन क्षेत्र का बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है, जिसने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को क्षति पहुंचाई। इसकी आपराधिक जांच भी चल रही है और कई लोग गिरफ्तार हैं। इन एजेंसियों की कोशिशों तथा कूटनीतिक प्रयासों से तलवार को पिछली जनवरी में दुबई से लाया गया था। उस पर अवैध रूप से प्राप्त इस धन से देश-विदेश में कंपनियां खोलने एवं संपत्तियां बनाने के आरोप हैं, जिसकी सूची न्यायालय में पेश की गई है। होटल होलीडे इन उन्हीं में से एक है। प्रवर्तन निदेशालय की सीमा अवैध धनशोधन यानी हवाला तक सीमित है। किंतु इस मामले के खुलासे से पता चलता है कि भारत को आर्थिक क्षति पहुंचाने के लिए किस तरह की साजिशें विदेशी कंपनियां कर रही थीं। तलवार जैसे लोगों की मंत्रालय में इतनी पहुंच का मतलब ही है कि अनेक लोग अवैध निजी लाभ के लिए सरकारी कंपनी को क्षति पहुंचाने की साजिश में संलिप्त थे। तलवार की गिरफ्तारी तथा उसका आलीशान होटल कुर्क होने से यह विश्वास पैदा हुआ है कि देश को क्षति पहुंचाने वाले अंततः कानून के कठघरे में खड़े किए जाएंगे। ऐसे लोगों को जल्दी सजा मिले तथा उनकी संपत्तियों को नीलाम कर धन सरकारी खजाने में जमा किया जाए। संलिप्त अपराधियों की संपत्तियां जब्त करने तथा उनको सजा मिलने का देश-समाज पर सकारात्मक असर अवश्य पड़ेगा।

# दलितों की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन ?

**गतांक से आगे**

तीसरा वर्ग संघर्ष की अगुवाई करता है। पर इन नए-नए हुए ज्ञानियों में अपने आपको श्रेष्ठ समझने और अन्य को हीन समझने का रोग लग गया है। परिणाम मकसद एक होने के बावजूद ये लोग एक मंच पर नहीं आ पाते। हमारा संघर्षबल है अपना शिक्षित और साधन संपन्न वर्ग। पर दु:ख की बात ये है कि वो अपने सुखों में इतना चूर है कि उसे संघर्ष की जरूरत ही महसूस नहीं होती।

अगर उससे संघर्ष की बात करो तो ऐसे बिदक जाता है कि जैसे अपराध कर दिया हो। एक कहावत है। 'जाके पैर न फटी बिवाई सो का जाने पीर पराई।' जब इनके साथ अन्याय होता है, तब इनको समाज की याद आती है, पर तब तक देर हो चुकी होती है। जिस समाज के सशक्तिकरण में इन्होंने कोई योगदान नहीं दिया, वो समाज इनके लिए तब क्या कर सकेगा? इसके विपरीत मनुवादी लोग सुख में भी संघर्ष नहीं छोड़ते। इसीलिए वो शासक हैं और हमारे लोग सुख में बावरे होकर सब भूल जाते हैं। इसलिए शोषित होते हैं।

क्या हम अपने शोषण के इस मूल कारण को कभी समझ पायेंगे? हम सभी जानते हैं कि इस देश में हर व्यक्ति हर वर्ग केवल अपने और अपनी कौम के संवर्धन में लगा है। जिसके लिए वह देश की परवाह न करके किसी भी तरह खुद को सबसे ज्यादा सक्षम बना लेना चाहता है। जिसके लिए भ्रष्टाचार द्वारा धनबल इकठ्ठा किया जा रहा है। ऐसे में हम क्या करें? हमें डर सिर्फ यही है कि आज भ्रष्टाचार के मूल कारण 'जातिगत् वर्ग संघर्ष को छिपाकर उससे फैली अव्यवस्था के मीडिया में प्रचार की गति हमारे संघर्ष की गति से तेज न निकले। धन और मीडिया के बल पर



सोच-समझे षड्यंत्र के तहत जो अराजकता फैलाई जा रही है, उसे संविधान की विफलता साबित किया जा सकता है। और तब हमारी भोली-भली जनता संविधान का विरोध करके अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार लेगी। इसीलिए बाबा साहब पहले ही कह गए थे 'संविधान कितना ही अच्छा क्यों न हो, उसे मानने वाले बुरे होंगे तो उसका लाभ नहीं हो पायेगा।' जनता का नाम लेकर सत्ता पलट या संविधान पलट न हो जाये, ऐसे होने पर हमारे विरोध और अपने पक्ष का संविधान या कानून बना लेंगे। इसलिए सावधान!

मैं समझ सकता हूं कि हमारा सक्षम वर्ग किसी नेता की रैली में भीड़ बढ़ने का काम तो नहीं करेगा, पर वो उससे भी कहीं ज्यादा जरूरी काम कर सकता है। कुछ खास नहीं तो जो कर सकते हो वो तो करो जैसे- अंबेडकरवादियों को वोट करो, उन्हें चंदा दो, मिशन की किताबें खरीद कर अपने लोगों में बांटों, विचार और सुझाव देना, लेखन कार्य करना, एन.जी.ओ. ट्रस्ट, स्कूल में किसी मेधावी बहुजन को स्कॉलरशिप देना आदि। जो जिस लायक है उसे वही काम करना चाहिए, जो भीड़ बढ़ा सकता है वो भीड़, जो धन दे सकता वो धन, जो विचार दे सकता है वो विचार, कुछ तो करो, संघर्ष के लिए सब कुछ जरूरी है। भगवान् बुद्धा ने कहा है कि संसार में तीन प्रकार के लोग हैं : 'एक जो केवल अपना भला करते हैं दूसरों का नहीं, दूसरे जो अपना भला नहीं करते केवल दूसरों का भला करते हैं, तीसरे वो जो अपना भी भला करते हैं व दूसरों का भी। ये ही श्रेष्ठ हैं।'

इनमें से हमें तीसरा बनना है। बिना जमीन वालों को अंबेडकर मिशन ने जमीन के पट्टे दिलाये, बिना नौकरियों वालों को नौकरी करने लायक बनाया और नौकरियां दिलाईं। अब ये लोग उस मिशन के लिए कुछ न करें तो क्या समस्त कौम पतन की तरफ नहीं चली जाएगी? बहुजनों का सम्पन्न होना विरोधियों को खटक रहा है और अंदर ही अंदर वो दमन की नीति बनाकर चल रहे हैं। अगर ये सफल हो गए तो क्या होगा, कभी सोचा। पता नहीं हमारे सक्षम लोग ये क्यों नहीं समझते कि जब भी बहुजनों का दमन किया जाएगा, इनको भी बक्शा नहीं जाएगा।

**क्रमशः**

## वैवाहिक

### वर चाहिए

* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-एम.टेक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, चांदोलिया, बड़गोत्या, मो. 8106565279
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम., एम.कॉम. प्रथम वर्ष, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नागरवाल, कुण्डारा, बुआ, सामने आकोदिया न हो।
* जयपुर निवासी, 22 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-कुण्डारा, मीमरोट, सेहरा।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., जी.एन.एम., पिता-निजी कार्य, गौत्र-तलवालिया, बुहाड़िया, मीमरोट, आकोदिया, गंगवाल, बथेड़ी, बधाला, कुण्डारा।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नंगवाड़ा, कुण्डारा, जोनवाल, मेहर।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नंगवाड़ा, कुण्डारा, जोनवाल, मेहर, मो. 9828376702
* बाँदीकुई निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नागरवाल, बैण्डवाल, जोनवाल, मो. 9983812754
* बाँदीकुई निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-बैण्डवाल, कुण्डारा, नंगवाड़, मो. 9414072525
* बाँदीकुई निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भैण्डवाल, कुण्डारा, नगवाड़ी मो. 9414072525
* बाँदीकुई निवासी, 31 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-नागरवाल, भैण्डवाल, जोनवाल, मो. 9414072525
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., जी.एन.एम., गौत्र-तलावलिया, बुहाडिया, मीमरोट, आकोदिया, गंगवाल, बथेड़ी, बधाला, कुण्डारा।
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नंगवाड़ा, कुण्डारा, जोनवाल, बड़ी माँ महर, मो. 8963617959

### वधू चाहिए

* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी., वर्तमान में प्राईवेट जॉब, पिता राजकीय सेवा, गौत्र नंगवाड़ा, कुण्डारा, जोनवाल, सामने महर न हो, मो. 8302594945
* जयपुर निवासी, 32 वर्ष, शिक्षा-एम.डी. (मेडीसियन), वर्तमान में सीनियर रेजिडेंट (डॉक्टर), पिता राजकीय सेवा, गौत्र जोनवाल, चाँदोलिया, बड़गोत्या।
* जयपुर निवासी, (विधुर) 35 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., एम.ए., वर्तमान में प्राईवेट जॉब, गौत्र भीमवाल, रेसवाल, मीमरोट।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी., वर्तमान में प्राईवेट जॉब, पिता राजकीय सेवा, गौत्र नंगवाड़ा, कुण्डारा, जोनवाल, बड़ी माँ महर, मो. 8963617959
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी., वर्तमान में सब इंस्पेक्टर (सी.आई.एस.एफ.), पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-धावनिया, बड़गोती, गोठवाल, टटवाड़ी, मो. 7073909291
* जयपुर निवासी, 40 वर्ष, (विधुर) शिक्षा-5वीं पास, वर्तमान में ड्राईवर, गौत्र-सुलानियां, गोठवाल, कुण्डारा, टटवाड़ी।
* दौसा निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., वर्तमान में सरकारी अध्यापक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-बेण्डवाल, नागरवाल, जोरवाल, जारवाल, सामने लोदवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बीसीए, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-देवतवाल, जारवाल, भहरवाल, मो.-9950714872
* हनुमानगढ़ निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-10वीं पास, प्राईवेट सर्विस, गौत्र-बंशीवाल, चरावण्डिया, नीमरोठ
* जयपुर निवासी, 34 वर्ष, शिक्षा-बीए, एमए, निजी ज्वैलरी कार्य, गौत्र-जोनवाल, कुवाल, लोदवाल+जाटवा, मो.-9829542057
* जयपुर निवासी, 36 वर्ष, शिक्षा-बीए, एलएलबी, कर सलाहकार, गौत्र-जोनवाल, कुवाल, लोदवाल+जाटवा, मो.-9782199234

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें, **मो.: 9928260244**

## 14 अप्रैल को बाबा साहेब की 128वीं जयंती कार्यक्रम का पम्पलेट वितरण व जिम्मेदारी सौंपी गई

रेनवाल मांजी। कस्बे स्थित बैरवा धर्मशाला,मैन जयपुर रोड, रेनवाल मांजी



में डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक विकास संस्था राजस्थान की आम सभा का आयोजन डॉ सुरेश प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई।के सर पैराडाइज, रेनवाल मांजी में 128वीं डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह व 192वीं महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह ओर शोभायात्रा कायक्रम के पम्पलेट वितरित किया गया व जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही रशीद डायरी का हिसाब लिया गया। यह जानकारी रेनवाल शाखा अध्यक्ष मुकेश कुमार बैरवा ने दी। मीटिंग में रेनवाल कार्यकारिणी के साथ फागी, चाकसू ब्लॉक व क्षेत्रीय कार्यकारिणीया भी मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरा सहयोग करने की बात कही। आगामी मीटिंग रविवार,31 मार्च को बैरवा धर्मशाला,रेनवाल मांजी मे प्रात: 8:30 बजे आयोजित होगी।

## नई दिल्ली में सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों... ( पृष्ठ 1 का शेष )

राजस्थान के कलाकारों सुश्री किरण कुमारी एवं साथी नृत्यांगनाओ ने घूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। टोंक से आये रामप्रसाद शर्मा व साथियों ने कच्ची घोड़ी नृत्य पेश किया। इसी प्रकार दिल्ली के ही अनिशुद्दीन व साथी कलाकारों ने चरी नृत्य व बारां से आये जानकी लाल चाचौड़ा व साथियों ने चकरी नृत्य प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक संध्या के प्रमुख आकर्षण में पुष्कर के कल्याण नाथ की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय कालबेलिया नृत्यागंनाओ ने कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी। इसी प्रकार अलवर के गफरूद्दीन खान मेवाती व दल ने भपंग वादन से सभी को गुदगुदाया। उन्होंने अपने गीत के मुखड़े काशी भी रहेगी, काबा भी रहेगा पर सबसे ऊपर हिंदुस्तान तेरा नाम रहेगा से सभी को प्रभावित किया।

सांस्कृतिक संध्या का समापन डीग भरतपुर के जितेंद्र पाराशर एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली नृत्य से हुआ। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती सुमिता मीना ने बताया कि इस मौके पर दिल्ली हाट को राजस्थानी परिवेश में सजाया संवारा गया एवं लोगों ने राजस्थानी व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया।

## सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता

100 रुपए

**विशिष्ट द्विवार्षिक सदस्यता**

500 रुपए

साथ में पाएं दो वैवाहिक एवं एक क्लासीफाइड डिस्प्ले विज्ञापन बिल्कुल मुफ्त

**आजीवन सदस्यता**

2100 रुपए

**संरक्षक सदस्यता**

5100 रुपए

### 27 साल बाद अभय जोशी रिकॉर्ड मतों से जीत बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

## पिंकसिटी प्रेस क्लब की मैनेजमेंट कमेटी चुनी गई

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब लिमिटेड की मैनेजमेंट कमेटी के वर्ष 2019-20 के चुनाव शनिवार को हुए। घोषित परिणामों



में अध्यक्ष पद पर अभय जोशी और महासचिव पद पर मुकेश चौधरी निर्वाचित घोषित किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गजानंद गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभय जोशी को सर्वाधिक 407, मुकेश कुमार मीणा को 347 और राधारमण शर्मा को 123 मत मिले। इसी प्रकार महासचिव पद पर मुकेश चौधरी 372 वोट प्राप्त कर विजय हुए। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष के दो पदों पर बबीता शर्मा को 351 और देवेंद्र सिंह को 307 मत प्राप्त दूसरी बार निर्वाचित घोषित किए। कोषाध्यक्ष पद पर रघुवीर जांगिड़ निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी के दस पदों के लिए राहुल भारद्वाज, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, विमल सिंह तंवर, कानाराम कड़वा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, निखलेश कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, मयंक शर्मा और बाबूलाल भारती विजयी घोषित किए गए। उल्लेखनीय है कि अभय जोशी ने 407 मत लेकर पिछले 27 साल का रिकार्ड तोड़ा है। अब तक किसी भी प्रत्याशी को इतने वोट नहीं मिले हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अभय जोशी को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। जोशी का कहना है कि वे पत्रकारों के लिए पेंशन, अधिस्वीकरण की शर्तों में बदलाव कराएंगे।

## ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं तो ये योगासन करेंगे आपकी मदद

पिछले कुछ समय में लोगों के बीच योगा का क्रेज काफी बढ़ा है। अब लोग अपनी परेशानियों का हल दवाइयों में नहीं,



बल्कि योगासनों में ढूंढते हैं। योगाभ्यास न सिर्फ आपके फिजिकल व मेंटल स्ट्रेस को कम करके आपको बीमारियों से मुक्त कराता है, बल्कि यह आपके सौंदर्य को बढ़ाने में भी काफी मददगार है। आईए जानते हैं ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में, जो आपकी स्किन को रिजुविनेट करके आपको ग्लोइंग स्किन प्रदान करते हैं-

**प्राणायाम**

यह एक ब्रीदिंग एक्सरसाइज है। प्राणायाम के जरिए आप अपने अंदर के सिस्टम को बेहतर बनाते हैं, जिसका असर आपकी बाहरी स्किन पर भी पड़ता है। आपको प्रतिदिन कम से कम 15 से 20 मिनट तक प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। आप कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम के अतिरिक्त शीतली व भ्रामरी प्राणायाम आदि भी कर सकती हैं।

**उत्तानासन**

इस आसन को करने के लिए आपको सीधे खड़े होकर आगे की ओर झुकते हुए अपने पैरों को होल्ड करना होता है। इस आसन से न सिर्फ आपकी बॉडी स्ट्रैच होती है, बल्कि आपके चेहरे की तरफ ऑक्सीजन व रक्त का प्रवाह भी तेजी से होता है। यह आसन आपके चेहरे से झुर्रियों, लाइन्स व मॉर्क्स हटाकर कोशिकाओं को दोबारा सक्रिय करता है। साथ ही डेड और डल सेल्स से भी लड़ता है। जिसके कारण आपका चेहरा खुद ब खुद ग्लो करने लगता है।

**ताड़ासन**

यह आसन करने में जितना आसान है, इसके फायदे उतने ही अधिक हैं। इस आसन को करने के लिए आपको अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर ले जाकर ऊपर की ओर स्ट्रैच करना होता है। इस दौरान आपको खुद को पैरों की उंगलियों पर बैलेंस करना होता है। हालांकि शुरूआती दौर में ऐसा करने में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है लेकिन बाद में आप इसे आसानी से कर सकते हैं। यह आसन आपकी स्किन को डिटॉक्सीफाई करके एक हेल्दी व शाइनी स्किन प्रदान करती है। इस आसन की मदद से न सिर्फ आपकी स्किन में ग्लो आता है, बल्कि वह अंदर से हेल्दी भी होती है।

**मत्स्यासन**

इस आसन में आपका शरीर एक मछली की भांति दिखाई देता है। इस आसन को करने के लिए आप सर्वप्रथम सीधे पैर करके बैठ जाएं। अब पीछे की ओर झुकें। इस दौरान आपकी कमर नहीं केवल सिर ही जमीन को छूना चाहिए तथा इस स्थिति में आपका सिर आकाश की ओर नहीं, बल्कि आपके पैरों से विपरीत दिशा में होगा। यह आसन रक्त का बहाव आपके सिर की ओर बढ़ाता है, जिससे आपको हेल्दी व सुंदर स्किन प्राप्त होती है। बेहतर परिणाम पाने के लिए आप यह योगाभ्यास प्रतिदिन करें।

**उत्कटासन**

इस आसन के दौरान ऐसा लगता है मानो आप किसी कुर्सी पर बैठे हों। यह आसन आपकी हार्टबीट को तेज करके आपके रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपके खून को शुद्ध करने, टॉक्सिन हटाने और ऑक्सीजन पंप करने में भी मदद मिलती है। जिसके कारण आपका प्राकृतिक सौंदर्य निखरकर सामने आता है। इस आसन को करने के लिए आप सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं तथा हाथों को ऊपर रखें। अब अपने घुटनों को हल्का सा मोड़ें। इस अवस्था में 15-20 सेंकड रूकने के बाद पुन: सामान्य अवस्था में लौट आएं।

## बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए जरूर अपनाएं ये नियम

हर ऋतु शरीर में कुछ दोषों को दूर करने और जीवन में कुछ नवीनता लाने के लिए आती है। इस मौसम में किन-किन



बातों का रखें ध्यान-

अब गर्मी आने वाली है। शरद ऋतु में जो विजातीय द्रव्य शरीर के अन्दर रह जाते हैं, वे इस ऋतु में पसीने के साथ शरीर से बाहर निकल जाते हैं। मौसम बदलने से शरीर में कोई रोग उत्पन्न नहीं होता, अपितु मौसम के अनुकूल हमारा आहार-विहार, दिनचर्या आदि न होने के कारण हमारे शरीर में विकार उत्पन्न हो जाते हैं, जो रोग का कारण बनते हैं। जाने वाला मौसम शरीर, मन-बुद्धि के साथ-साथ हार्मोन ग्रन्थियों व आंतरिक अंगों पर अपना प्रभाव छोड़कर जाता है। ऐसे में शारीरिक शुद्धि जरूरी हो जाती है।

**क्या करें शारीरिक शुद्धि के लिए**

शारीरिक शुद्धि करने के लिए अभ्यंग मसाज, मिट्टी लेप या स्नान, एनीमा, भाप स्नान, जलनेति, कुंजल क्रिया आदि विशेष लाभकारी हैं, जिनका लाभ प्राकृतिक चिकित्सक की देखरेख में ले सकते हैं।

**करें शरीर को डिटॉक्स**

शरीर में जमा संचित, दूषित व कुपित मल ही रोगकारक होते हैं। इन्हें शरीर से बाहर करने के लिए सब्जियों के रस का सेवन करें। मौसम के ताजे फलों को भोजन में शामिल करें। मूंग-चना-मोठ व कच्ची मूंगफली को अंकुरित करके लें या भीगे कच्चे मेवे (बादाम, किशमिश, अंजीर आदि) सुबह में खाएं।

**योग को बनाएं दिनचर्या का अंग**

नियमित योगाभ्यास से न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बल्कि शरीर और मन भी स्वस्थ रहता है। इस लिए रोजाना प्रात: एक घंटा नियमित योग व ओउम् का ध्यान करें। सुबह जल्दी उठें और रात को जल्दी सोएं। प्रात: काल में सैर करें। दिनचर्या ठीक रखें। रात का खाना हल्का रखें। तनाव से बचें और हर परिस्थिति में आनन्दित रहें।

**क्या करें**

मौसम के अनुकूल कपड़े पहनें।

बारिश हो, तो भीगने से बचें।

चाय-कॉफी की बजाय ग्रीन टी का सेवन करें।

कार्य और विश्राम में संतुलन बनाएं।

**क्या ना करें**

अप्राकृतिक आहार, नशीले पदार्थ, मांसाहार व गरिष्ठ भोजन ना लें। ओवर ईटिंग ना करें। 4-5 घंटे से ज्यादा खाली पेट भी ना रहें।

कोल्ड ड्रिंक्स, बेमेल आहार व अनावश्यक दवाओं के सेवन से बचें।

अत्यधिक मोबाइल, टीवी आदि से बचें, क्योंकि इनसे हमारी प्राण ऊर्जा का क्षय होता है।

## हैल्थ टिप्स

- न्यूमोनिया होने पर शीतल वायु से बचाव करें और ठण्डे भोजन, ठण्डे भोज्य पदार्थ व दही न खाये, तुलसी, अदरक अथवा सौठ, काली, मिर्च का काढ़ा बनाकर थोड़ी-थोड़ी देर बाद एक-दो चम्मच देते रहें।
- सरसों का तेल अथवा तिल का तेल थोड़ा गर्म कर पसलियों पर व पीठ पर मालिश करने से न्युमिनिया ठीक होता है।
- पेशाब में जलन होने पर लोकी और हरे धनिये का रस पिये।
- आधा कप गर्म पानी में एक चम्मच अदरक का रस, आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर पीने से नाक से पानी गिरना बन्द हो जाता है।
- दाँत दर्द में अजवायन के तेल की रूई का फाया दाँत में रखने पर दंत पीड़ा ठीक हो जाती है।
- सोने के पूर्व एक चम्मच जीरे को कुनकुने दूध या पानी के साथ लेने से अनिद्रा की समस्या कम होती है।
- दो लौंग पीसकर मिश्री मिलाकर 100 ग्राम जल में घोलकर सेवन करने से गर्भवती की वमन विकृति कम होती है।
- केले अधिक खा लेने पर पेट भारी हो जाने पर इलायची खाने से तुरन्त केले पच जाते हैं।

## डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी ने मनाया स्वाभिमान दिवस

**जयपुर।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी ने स्वाभिमान दिवस मनाया। समारोह में मास्टर भंवर लाल मेघवाल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, अध्यक्षता कैलाश मेघवाल विधायक शाहपुरा व विशिष्ट अतिथि विधायक हरीश मीणा, लक्ष्मण मीणा, बाबूलाल नागर, गोपाल लाल मीणा, डॉ. बीएल जाटावत अध्यक्ष राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड, राजाराम मील अध्यक्ष जाट महासभा समेत अन्य लोग मौजूद थे। समारोह में भंवरलाल मेघवाल और कैलाश मेघवाल ने विचार व्यक्त किए। सोसायटी के महासचिव अनिल गोठवाल ने बताया कि भारत बंद के दौरान प्रदेश में विभिन्न थानों में 2862 लोगों के खिलाफ 321 मुकदमे दर्ज हुए थे। उनमें से 80 मुकदमों में एफआर दी जा चुकी है और 150 अभी पेंडिंग हैं। सरकार द्वारा 13 मुकदमे कोर्ट से वापस लिए जा चुके हैं। संस्था द्वारा 2 अप्रैल 2018 भारत बंद के दौरान जेल गए भीम सैनिक, आर्थिक सहयोग व सक्रिय कार्यकर्ताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित

**जयपुर।** आचार्य समूह महर्षि बालीनाथ ज्योतिष एवं संसकार शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान राजस्थान, जयपुर बेरवा गुयकुल संत समिति (पंजीकृत) की 8वीं कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन होने पर अध्यक्ष श्री छाटूपुरी, महामंत्री श्रीराम निवासदास व कोषाध्यक्ष श्री प्रहलाद दास तथेव समस्त कार्यकारिणी को आचार्य समूह शुभकामनायें ज्ञापित करता है व संत समिति के उज्जवल भविष्य व उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करता है। आचार्य समूह गुरूकुल संत समिति से अपेक्षा करता हे कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास, आडम्बर, पाखण्ड को समाप्त करने व सद्शिक्षा व यर्थाथता से अवगत कराने व जागृति करने, प्रगति पथ की ओर आचार्य समूह के साथ कदम से कदम मिलाकर सहयोग करने की अपेक्षा करता है।


डॉ. अम्बेडकर जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं





आचार्य प्यारेलाल जोनवाल
जयपुर



प्रेमचन्द जोनवाल
आई.ई.एस. (एम.ई.एस.)



घनश्याम दत्त मेहरा
प्रवक्ता-अभियांत्रिकी



प्रेमपाल बैरवा
से.नि. से. ऑफिसर, सचि.



नरेन्द्र कुमार धावनिया
महेश नगर, जयपुर



भीम सिंह बैरवा
ग्राम कुंजेला, जिला करौली

# जयपुर में सभी संगठनों द्वारा अम्बेडकर जयन्ती की तैयारियां चर्म पर

**जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में राजस्थान प्रदेश में आरक्षित वर्ग की कार्यरत



विभिन्न सामाजिक संगठन, केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारी अधिकारी संघ और दलित उत्थान के विभिन्न संगठनों की सहभागीदारी बनाते हुए भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 128वीं जयन्ती समारोह का आयोजन दिनांक 14 अप्रेल 2019 को संस्था प्रांगण मे भव्य रूप मनाया जायेगा।

**डॉ अम्बेडकर जयन्ती समारोह संयुक्त समिति** के तत्वावधान में दिनांक 13 अप्रैल 2019 को सांय 4 बजे अम्बेडकर जयन्ती समारोह अम्बेडकर सर्किल जयपुर मे आयोजित किया जा रहा है जिसके संयोजक श्री बी . एल. बैरवा हैं और अध्यक्ष श्री भजनलाल रोलन हैं इस समारोह में अजा-अजजा के सभी कर्मचारी संगठन व सामाजिक संगठन भाग ले रहे। समारोह में अपने समाज की कलाकारों द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किये जायेंगे।

**अम्बेडकर विचार मंच की ओर से भी 14 अप्रेल, 2019 को विशाल झाँकी निकाली जायेगी।**

# विशाल फागोत्सव एवं शाखा अध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न



**जयपुर।** श्री नारायण मानव सेवा समिति के तत्वाधान में गायत्री मन्दिर, गोनेर में फागोत्सव मनाया गया इस मौके पर श्री सीताराम बैनीवाल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई व नि:शुल्क पंछी परिडे वितरित किये गये, शाखा सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस समारोह में सेकडों की संख्या में स्थानिय नागरिक व कार्यकर्ता मौजुद रहे।

प्रभारी प्रभु सराधना ने बताया की इस मौंके पर लालचंद, राम यादव, नरेन्द्र, राकेश बैरवा, अर्जुन, दीपक, सुनील, सुरेश, दीपक व्यास, रिंकु पण्डित, चंद्रप्रकाश व सम्पूर्ण गोनेर शाखा कार्यकारिणी उपस्थित रही, मंच का संचालन समिति के मुख्य सलाहकार कवि सुरेन्द्र दीपक द्वारा किया गया प्रदेश कार्यकारिणी से धर्मेन्द्र लोदिया, गीता वर्मा, कौशल्या जांगिड, डॉ. रामराज चैधरी व प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमोहन चहेता मौजूद रहे।




डॉ. अम्बेडकर जयन्ती हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



**रमेश चन्द बैरवा**

पालड़ी हाऊस

पालड़ी मीणा, आगरा रोड, जयपुर

नवरात्रा व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाऐं

**हनी ब्यूटी पार्लर**



मीनाक्षी आर्य

ब्यूटी पार्लर का कोर्स भी कराया जाता है।

आइब्रो, फेशियल, कटिंग, पार्टी मेकअप

दुल्हन मेकअप व ज्वैलरी बुक कि जाती है।

मो. 9829312301, 9928079098

सी-323-सी., हैल्थ हॉस्पिटल के पीछे, महेश नगर, 80 फीट रोड़, जयपुर



डॉ. अम्बेडकर जयन्ती हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



**शंकर लाल बैरवा, एडवोकेट**

से.नि. सहायक लेखाधिकारी

9-ए, अग्रसैन नगर, महेश नगर रेलवे फाटक के पास, जयपुर, मो. 9413502868


# श्री बाबा समाचार पत्र के सम्पादक

## चि. भवनेश धावनिया संग सौ.कां. विशाखा के विवाह व आशीर्वाद समारोह में नव वर-वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए



नव वर-वधू को निवाई विधायक प्रशान्त बैरवा, प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश धावनिया, श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशक श्रीमती रजनी, सूचना सहायक श्री मनोज मेहरा, बॉलीवुड फिल्म अभिनेता श्री आर.के. बैरवा, समाजसेवी श्री ज्ञानचन्द बैरवा, कांग्रेस नेता मदनलाल बैरवा, सांगानेर तहसील अध्यक्ष कविराज श्री रामलाल बैरवा, पूर्व सांसद अश्क अली टाक के सुपुत्र श्री वसीम टाक एवं भजन गायक व कांग्रेस नेता श्री शंकरलाल पंवार आशीर्वाद प्रदान करते हुए।



पूर्व महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल नव दम्पत्ति को आशीर्वाद प्रदान करते हुए।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज. की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया चेयरपर्सन श्रीमती अर्चना शर्मा, श्री सोमेन्द्र शर्मा व श्रीमती गीता-श्री महेश धावनिया नव वर-वधू को आशीर्वाद देते साथ में



नव दम्पत्ति को अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिनारायण बैरवा, बैरवा छात्रावास जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जे.पी. बैरवा, अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा के अध्यक्ष श्री प्रभुलाल बैरवा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के प्रदेशाध्यक्ष महेश धावनिया, अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश महामंत्री श्री मोहन प्रकाश बैरवा, श्री शंकरलाल बैरवार एडवोकेट एवं ए.ओ. श्री हीरालाल बैरवा आशीर्वाद देते।



चापानेरी के श्री बीरमदेव जी महाराज एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री देवाराम सिसोदिया द्वारा नव वर-वधू को आशीर्वाद देते।



पूर्व मंत्री राज. सरकार श्री रामगोपाल बैरवा एवं श्री राजेश कुमार बैरवा द्वारा नव दम्पत्ति को आशीर्वाद देते।

स्वामीत्व, मुद्रक, प्रकाशक, रजनी के लिए एम.बी. प्रिन्टर्स एफ-76 ए, करतारपुरा इण्ड. एरिया मोरानी वर्क्सशॉप के पास जयपुर से मुद्रित एवं सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15 ( राज. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भवनेश धावनिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। मो.-9928260244, 9829271582 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com